सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 06 दिसम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौक़े पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके दिखाए गए सामाजिक न्याय और समरसता के मार्ग पर चलना चाहिए। बाबा साहब के महान आदर्श एक श्रेष्ठ समाज और मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

...........0............